प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

02.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे

लोकसभा–वक्फ

संयुक्त संसदीय समिति द्वारा रिपोर्ट किया वक्फ संशोधन विधेयक 2025, आज विचार और पारित करने के लिए लोकसभा में पेश किया गया। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि इस विधेयक का मुसलमानों की धार्मिक प्रथाओं से कोई लेना–देना नहीं है। उन्होंने कहा कि यह केवल वक्फ बोर्डों से संबंधित संपत्तियों से जुड़ा है। किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार वक्फ बोर्डों को समावेशी और धर्मनिरपेक्ष बनाना चाहती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह कानून मस्जिद के प्रबंधन के लिए नहीं है। रिजिजू ने कहा कि मौजूदा विधेयक के अनुसार, वक्फ बोर्ड में विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों, महिलाओं और गैर–मुस्लिमों और अन्य लोगों का प्रतिनिधित्व होगा। उन्होंने विपक्ष पर विधेयक को लेकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। किरेन रिजिजू ने कहा कि वर्ष 2013 में यूपीए शासन के दौरान वक्फ अधिनियम में संशोधन किए गए थे, जिसका अन्य कानूनों पर अत्यधिक प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान दिल्ली के प्रमुख इलाकों में कुल एक सौ 23 संपत्तियां दिल्ली वक्फ बोर्ड को हस्तांतरित की गईं।

इससे पहले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विधेयक संयुक्त संसदीय समिति द्वारा विस्तृत विचार–विमर्श के बाद लाया गया है और इसे मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है।

...................................................

राज्यपाल

एक भारत श्रेष्ठ भारत की पहल के तहत राजभवन शिमला में बिहार, ओडिशा और राजस्थान के स्थापना दिवस कार्यक्रम को मनाने के लिए कल विशेष मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश में रहने वाले इन राज्यों के नागरिकों ने इस समारोह में भाग लिया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल ने पारंपरिक हिमाचली टोपी, मफलर और स्मृति चिन्ह भेंट कर उपस्थित लोगों को सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने इन राज्यों की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन एक भारत–श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार करते हैं।

...................................................

सिकंदर कुमार

केंद्रीय रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि रसायन और पेट्रोरसायन विभाग क्षेत्र में उत्पादन के रूझानों का आकलन करने के लिए कुछ चिन्हित

प्रमुख रसायनिक इकाईयों से रसायनिक उत्पादों के उत्पादन और स्थापित क्षतमा के विषय में डेटा संकलित करता है।

राज्य सभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार के एक सवाल के जवाब में संसद में उन्होंने कहा कि एकत्र किए गए डेटा का विश्लेषण रासायनिक उत्पादों के खंडों के आधार पर किया जाता है। अनुप्रिया पटेल ने कहा कि केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रि की संस्थान, कौशल व तकनीकी सहायता केंद्र बद्दी हिमाचल प्रदेश व इसके आसपास के पेट्रोरसायन और प्लास्टिक उद्योगों को तकनीकी सहायता सेवाएं प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि ये केंद्र नियमित रूप से दीर्घकालिक डिप्लोमा व डिग्री कार्यक्रम भी करवा रहा है।

.......................................................

राजीव भारद्वाज

केंद्रीय पंचायतीराज राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने बताया है कि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान के तहत हिमाचल प्रदेश के चंबा और लाहौल स्पिति जिलों के लिए दो–दो करोड़ रूपए की लागत से जिला पंचायत संसाधन केंद्र स्वीकृत किए हैं। आज लोकसभा में सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज के सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इन जिला पंचायत संसाधन केंद्रों के माध्यम से पंचायत प्रतिनिधियों और पंचायतों संस्थानों से जुड़े हितधारक समूहों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

.......................................................

नवरात्रि

चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन आज मां के स्कंध माता स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालु सुबह से ही दर्शन करने पहुंच रहे हैं और मां से सुख, समृद्धि और उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

इस दौरान मंदिरों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं और भंडारों का भी आयोजन किया जा रहा है।

.......................................................